दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 331 मुरादाबाद 03April 2022 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये


प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## सपा के विधायक शिवपाल सिंह यादव का भाजपा के नेताओं के प्रति अचानक बढ़ा प्रेम, सोशल मीडिया पर किया फालो; दे रहे बड़े संकेत



उत्तर प्रदेश की राजनीति के बेहद पुराने चेहरे तथा समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक शिवपाल सिंह यादव का भारतीय जनता पार्टी के प्रति प्रेम अचानक बढने लगा है। उत्तर प्रदेश में 2017 के विधानसभा चुनाव से पहले ही समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से उनकी बढ़ती खटास के कारण ही उन्होंने अपनी नई पार्टी बना ली। अब 2022 के विधानसभा चुनाव के बाद वह फिर नई राह पर हैं। शिवपाल सिंह यादव को अखिलेश यादव ने इटावा के जसवंतनगर से विधानसभा चुनाव के मैदान में उतारा। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव जसवंतनगर से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे और बड़े वोट के अंतर से जीते। इसके बाद समाजवादी पार्टी ने जब उनको विधायक दल की बैठक में नहीं बुलाया तो उनके तेवर तल्ख होने लगे। 28 मार्च को समाजवादी पार्टी के सहयोगी दलों की बैठक से किनारा करने वाले शिवपाल सिंह यादव ने 29 मार्च को विधानसभा अध्यक्ष के कमरे में विधानसभा सदस्य के रूप में शपथ ली और मीडिया को अपने अगले कदम का इंतजार करने को कहा। शिवपाल सिंह यादव के भाजपा में शामिल होने या फिर भाजपा की मदद से राज्यसभा में जाने के कयास लग ही रहे थे कि उनका भाजपा नेताओं के प्रति अचानक बढ़ा प्रेम सामने आ ही गया है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से ही अखिलेश यादव और शिवपाल यादव के बीच तल्खी लगातार बढ़ती गई। अब तो शिवपाल के भारतीय जनता पार्टी में जाने को लेकर भी अटकलबाजियों के बीच में शिवपाल सिंह यादव ने सोशल मीडिया पर वरिष्ठ भाजपा नेताओं को फालो किया। उन्होंने सोशल मीडिया ऐप कू पर सीएम योगी आदित्यनाथ व सीएम आफिस उत्तर प्रदेश को फालो किया तो ट्विटर पर पीएम मोदी और सीएम योगी को फॉलो किया है । इसके अलावा शिवपाल यादव ने पूर्व डिप्टी सीएम रहे डॉ. दिनेश शर्मा को भी फॉलो किया है। पहले शिवपाल केवल पीएमओ और सीएमओ को ही फॉलो करते थे। पीएम और सीएम के ट्विटर को फॉलो करने के बाद सियासी गलियारों में एक बार फिर से प्रसपा अध्यक्ष के भाजपा में शामिल होने को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। ऐसा होने के बाद से तो लग रहा है कि शिवपाल ने इसको अपने भविष्य के कदम का संकेत देने का काम किया है। राजनीति के पंडित कयास लगा रहे है कि भारतीय जनता पार्टी शिवपाल सिंह यादव को राज्यसभा भेज सकती है और इटावा के जसवंतनगर से उनके बेटे आदित्य यादव को विधानसभा भेज सकती है। आदित्य यादव को अखिलेश यादव ने राजनीति में कहीं भी नहीं आजमाया, इससे भी शिवपाल सिंह यादव आहत हैं।शिवपाल सिंह यादव अपने सम्मान के खिलाफ उठे किसी भी कदम से काफी आहत होते हैं। उनको लग रहा था कि जसवंतनगर से जीतने के बाद उनको समाजवादी पार्टी नेता प्रतिपक्ष बनाएगी। ऐसा नहीं हुआ और उनको तो बैठक में भी नहीं बुलाया गया। ऐसे में अगर शिवपाल यादव पाला बदलते है तो कई लोगों को आश्चर्य नहीं होगा। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन ही शिवपाल सिंह यादव के भाजपा में जाने पर मुहर लगती नजर आ रही है।

## उगादी, नवरेह, गुड़ी पड़वा समेत कई त्योहार पीएम मोदी ने दी देशवासियों को शुभकामनाएं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देशवासियों को नवरात्री से लेकर नवरेह, उगादी, गुड़ी पड़वा समेत कई त्योहारों की शुभकामनाएं दी हैं। ट्विटर हैंडल के जरिए पीएम ने भारतीयों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। पीएम के अलावा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी ट्वीट के जरिए भारतीयों को त्योहारों की बधाई दी। इससे पहले राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुभकामनाएं दी थी। पीएम मोदी ने नवरात्र की बधाई देते हुए ट्वीट किया, %सभी देशवासियों को नवरात्रि की बधाई। शक्ति की उपासना का यह पर्व हर किसी के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करे।% वहीं, उगादी समृद्धि की कामना की। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, इस दिन को नव वर्ष के रूप में मनाया जाता है। दक्षिण भारतीय राज्य तेलंगाना, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में इस दिन कई आयोजन होते हैं। गुड़ी पाड़वा की शुभकामनाएं देते हुए पीएम मोदी मराठी में ट्वीट किया। साथ ही कश्मीरी नव वर्ष माने जाने वाले नवरेह भी पीएम ने दी देशवासियों को बधाई दी। कश्मीरी पंडित देवी शारिका की पूजा कर नवरेह मनाते हैं। उन्होंने सिंधी हिंदुओं को चेती चंद्र और मणिपुर वासियों को सजिबू चिराओबा की शुभकामनाएं दी हैं।

### राष्ट्रपति ने भी दी शुभकामनाएं

राष्ट्रपति कोविंद ने शुक्रवार को उगादी, गुड़ी पड़वा, नवरेह, चैत्र शुक्ल आदि तथा चेती चंद की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि देशभर में विविध प्रकार से मनाये जाने वाले ये त्योहार पारम्परिक नव वर्ष के प्रतीक हैं। कोविंद ने कहा कि ये त्योहार हमारी सांस्कृतिक एवं सामाजिक एकता के बंधन को मजबूत बनाते हैं। राष्ट्रपति भवन के बयान के अनुसार, राष्ट्रपति ने कहा कि ये आनंदपूर्ण त्योहार हमारे समाज में भाईचारे एवं बंधुत्व की भावना को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि आशा करता हूं कि ये त्योहार हर एक व्यक्ति के जीवन में प्रेम और सद्भावना को बढ़ावा देंगे।

## अखिलेश यादव ने समझाया 'महंगाई का गणित', कहा- 275 रुपये प्रति लीटर हो जाएगा पेट्रोल



समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अगला चुनाव आने तक प्रति लीटर पेट्रोल की कीमत 275 रुपये हो जाएगी। साथ ही उन्होंने इस आंकड़े को लेकर पूरा गणित भी समझाया है। खास बात है शनिवार को बीते 12 दिनों में 10वीं बार ईंधन की कीमतों में इजाफा दर्ज किया गया है। उन्होंने ट्वीट किया, %जनता कह रही है कि 80 पैसे प्रतिदिन या लगभग 24 रु. महीने के हिसाब से पेट्रोल के दाम यूँ ही बढ़ते रहे तो अगले जो चुनाव नवंबर-दिसंबर में होंगे, इस बीच 7 महीने में दाम लगभग 175 रु. बढ़ जाएंगे मतलब आज के 100 रु लीटर से बढ़कर पेट्रोल 275 रु. लीटर हो जाएगा। ये है भाजपाई महंगाई का गणित!% शनिवार को डीजल की कीमत भी 100 रुपये के आंकड़े को पार कर गई है।

### सरकार का क्या कहना है?

सरकार लगातार कह रही है कि कीमतों में बढ़त के तार यूक्रेन युद्ध से जुड़े हुए हैं। रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष को करीब 5 हफ्ते हो गए हैं। इधर, विपक्ष का कहना है कि सरकार ईंधन की कीमतें बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश, मणिपुर, उत्तराखंड, गोवा और पंजाब में विधानसभा चुनाव पूरे होने का इंतजार कर रही थी। भाजपा ने चार राज्यों में सरकार बनाने में सफलता हासिल की। जबकि, आम आदमी पार्टी ने पंजाब में सत्ता हासिल की। इससे पहले यादव ने 22 मार्च को भी महंगाई को लेकर ट्वीट किया। उस दौरान उन्होंने रसोई गैस के बढ़े हुए दामों पर सरकार पर हमला बोला था। उन्होंने ट्वीट किया था, %जनता को दिया भाजपा सरकार ने महंगाई का एक और उपहारज्लखनऊ में रसोई गैस सिलेंडर हुआ हज़ार के पास और पटना में हज़ार के पार! चुनाव ख़त्म, महंगाई शुरूज्%
गुरुवार को कांग्रेस ने भी राष्ट्रीय स्तर पर केंद्र के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू किया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# सीएचसी में संचारी रोग व दस्तक अभियान का हुआ शुभारंभ




बरेली-सीएचसी पर संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का आगाज किया गया। अभियान में आशा व आंगनबाड़ी वर्कर घर-घर जाकर संचारी रोगों से बचाव के तरीके बताएंगी। संचारी रोग नियंत्रण अभियान 30 अप्रैल व दस्तक अभियान 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा। सीएचसी में आयोजित कार्यक्रम का शनिवार को विधायक डा. डी सी वर्मा व सीएमओ डा. बलवीर सिंह ने उद्घाटन किया। विधायक ने कहा महामारी में स्वास्थ्य विभाग व आशा ने सराहनीय काम किया। महामरी के समय जब सब लोग घरों में थे तब स्वास्थ्य कर्मचारी व आशा बहुएं दूसरों के घर जाकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे थे। कोविड कम हुआ है। खत्म नहीं हुआ है। सीएमओ ने कहा घरों के आसपास गंदगी होने से मच्छर और मक्खी पनपते हैं। जिससे दिमागी बुखार, मलेरिया, चिकनगुनिया, डेंगू एवं डायरिया आदि गंभीर बीमारियां फैलती हैं। रोंगो का संचरण न हो इसको सरकार इस तरह के अभियान चलाती है। लोगों को जागरूक कर बीमारियों से बचा जायेगा। रूटीन टीकाकरण में नौ माह से 12 माह के बीच दिमागी बुखार का पहला और 16 से 24 माह के बीच दूसरा टीका लगाना सम्मिलित है। चिकित्सा अधीक्षक डा. अमित कुमार पंवार ने कहा आशा और आंगनबाड़ीह कार्यकत्री अभियान को प्राथमिकता देकर कामयाब बनाएं। कार्यक्रम में बाल विकास विभाग ने पोषण से संबंधित स्टाल लगाए। एड्स ने सूचना बूथ के रूप में स्टाल लगाए। कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी देशराज, डा. अमित सिंह, डा. बागीश कुमार, डा. अम्ब्रीश, डा. साहब सिंह, डा. रोहन कुमार. डा. दिव्या मौजूद रहे।

# यूपी सरकार गायों को संरक्षित करने का काम करेगी

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली -भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में आज माननीय कैबिनेट मंत्री, पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा, उत्तर प्रदेश माननीय श्री धर्म पाल सिंह ने कहा कि यूपी सरकार गायों को संरक्षित करने का काम करेगी। प्रदेश की हर न्यायपंचायत में बड़ी गौशालाओं का निर्माण होगा। गौशालाओं में गायों को छुट्टा नहीं रखा जायेगा बल्कि खूंटे से बांधकर रखा जाएगा। गौशालाओं में उन्नति किस्म की दुधारू गायों को भी रखा जायेगा,गौशालाओं में उपलब्ध दूध, गोबर और मूत्र से कई दैनिक उपयोग के उत्पाद तैयार किये जायेंगे। गौशालाओं को आर्थिक रूप से इतना समृद्ध किया जायेगा की गौशालाओं के प्रबंधन को बाहरी मदद की जरुरत न पड़े। वही छुट्टा जानवरों से होने वाले नुकसान के सवाल पर कहा कि सौ प्रतिशत छुट्टा गौ वंश गौशालाओं में होने से उसकी फसल संरक्षित हो जाएगी। इस बात से किसान खुश हो जायेगा। उन्होंने यह भी स्वीकारा कि छुट्टा गौ वंश के लिए किसान भी दोषी है जब गाय दूध नहीं देती है तो किसान उसे छुट्टा कर देता है और दूध देने पर फिर बांध लेता है। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री से बात करने के बाद प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों



के लिए एक आदेश जारी कराएंगे जिन जिन जिलों में गौशालों की जमीन पर अवैध कब्जे कर रखे है उन्हें कब्ज़ा मुक्त कराके हरा चारे की बुवाई करवाएंगे, जिससे चारे की कमी नहीं रहेगी। उनका प्रयास होगा की फसल संरक्षित होने पर स्वत: किसान गौशालाओं को मुफ्त में भूसा दान में देगा। प्रदेशभर में छुट्टा गौ वंश से परेशान किसान की परेशानी को सरकार ने गंभीरता से लिया है जानवरों के लिए सबसे पहले बरेली जिले में गौशालाओं का निर्माण होगा। इसके बाद प्रदेश के सभी जिलों की हर न्यायपंचायत में गौशालाओं का निर्माण होगा। इसके उपरान्त उन्होंने अपने विभागों की समीक्षा बैठक की जिसमें उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्राथमिकता के आधार पर तथा योजना बनाकर कार्यों का निष्पादन करें। वक्फ बोर्ड के अधिकारियों ने वार्ता करते हुए श्री सिंह ने कहा कि मदरसों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा दी जायेगी। वक्फ बोर्ड की जमीनों को अवैध कब्जेदारों से हटाकर मुक्त किया जायेगा। नागरिक सुरक्षा अधिकारियों की बैठक में माननीय मंत्री जी ने कहा कि हमें अपने बार्डर को सुरक्षित करना होगा तथा आपात काल में हमलों से बचने के लिए नागरिकों को मार्क ड्रिल कराकर स्वयं को सुरक्षित रखने की जानकारी दें। पशुपालकों के लिए जिले स्तर पर किसान मेलों का आयोजन किया जाय ताकि उन्नत पशुपालक एवं किसानों को इसमें सम्मानित करें। उन्होंने कहा कि पशु प्रजनन के लिए उत्कृष्ट सांडो का सीमेन आईवीआरआई से लिया जायेगा जिससे उत्तम नस्ल के पशु पैदा हो सकेंगे। इस अवसर पर भारतीय पशु चिकित्सा अनुसन्धान संस्थान बरेली के निदेशक डा त्रिवेणी दत्त ने माननीय मंत्री जी को आईवीआरआई की उपलब्धि, अनुसंधानों की जानकारी दी एवं संस्थान के रैफरल पॉली क्लीनिक का भ्रमण कराते हुए बताया कि यहाँ पर पशुओं के इलाज के लिए 24 घंटे सुविधा उपलब्ध रहती है।

# एसटीएफ को मिली बड़ी कामयाबी, TET पेपर लीक मामले में मुख्य आरोपी समेत दो को दबोचा




एसटीएफ मेरठ ने टीईटी परीक्षा पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी अरविंद राणा समेत दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसटीएफ ब्रजेश सिंह ने बताया कि शनिवार को उनकी टीम ने कुख्यात अरविंद राणा और राहुल को मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना से गिरफ्तार किया है। राणा एक शातिर अपराधी है और एक बड़ा नकल माफिया है, जिस पर दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। ब्रजेश सिंह ने बताया कि इसी मामले के एक आरोपी निर्दोष चौधरी ने पहले ही शामली की अदालत में आत्मसमर्पण किया था जिसने कांधला निवासी विकास को पांच लाख रुपये में परीक्षा पेपर की फोटो कॉपी बेची थी। निर्दोष चौधरी अलीगढ़ के एक प्राइमरी स्कूल में शिक्षक है। उन्होंने बताया कि राणा का नाम सामने आने के बाद उसे नामजद आरोपी बनाया गया था। टीम उससे गहन पूछताछ कर रही है जिससे उसके गैंग के अन्य साथियों को पकड़ा जा सके।


ऑफर

आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में

संपर्क करे- 9027776991



अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM


# पत्रकारों की समस्या को लेकर मीटिंग तकी रज़ा के कार्यालय पर संपन्न हुई



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- कार्यालय पर पत्रकार से संबंधित एक मीटिंग आयोजित की गई जिसमें पत्रकारों के ऊपर हो रहे उत्पीड़न फर्जी मुकदमों में पत्रकारों को फसाना भू माफिया के खिलाफ खबर प्रकाश करने के बाद पत्रकार की हत्या करने का प्रयास करें करे जाते हैं यूपी के मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की जाती है के पत्रकारों पर हो रहे उत्पीड़न के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए समाज के जुड़ी हुई की घटना दिखाने वाले पत्रकार जब चाहे जब कोई भी हमला कर सकता है जो पत्रकार अपने परिवार की चिंता करें बिना जनता के इंसाफ दिलाने के लिए हर समय तैयार रहते हैं उसके साथ इस तरह की नाइंसाफी क्यों होती है इस दिशा में जनलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया जिलाध्यक्ष अनुराग पवन त्रिपाठी मोमिन खान अनुराग सक्सैना आदि पत्रकार गण उपस्थित रहे इस विषय में चर्चा की पत्रकार सुरक्षा कानून और पत्रकार की सुरक्षा की मांग की है

www.knlslive.com


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# बिलारी में मंदिरों को कराया सुंदरीकरण, पहनाई नई पोशाक



मुरादाबाद-नगर के शाहबाद रोड स्थित मंदिर पोड़ाखेड़ा पर नवरात्र के मौके पर मां भगवती,मां काली सहित कई प्रतिमाओं को नए वस्त्र पहना कर मंदिर का सुंदरीकरण कराया। मंदिर पोड़िखेड़ा पर स्थित श्री माता काली, भैरव बाबा के प्राचीन मंदिर का जीणोद्धार स्वर्गीय लाला हर नारायण अग्रवाल सर्राफ ने बनवाया था। चैत्र नवरात्रि से पहले इस मंदिर का जीर्णोद्धार उनके बेटे मनोज अग्रवाल ने कराया। इस दौरान मंदिर को सुंदर साज-सज्जा दी गई। नवरात्र के मौके पर मंदिरों के सुंदरीकरण के साथ ही सभी भगवान को नई पोशाक पहनाई गई और नया श्रृंगार किया गया। इसके अलावा माता की अखंड ज्योत विधि विधान व पूजा-अर्चना के साथ जलाई गई। वहीं विशेष पूजा-अर्चना भी की गई ।इस मौके पर मनोज कुमार अग्रवाल, सरार्फ युक्ति अग्रवाल,चिराग अग्रवाल सर्राफ, मुस्कान अग्रवाल, नवनीत, संजय, डॉ. नितिन अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, प्रवीन अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, तुषार अग्रवाल,पंडित दिनेश चंद्र पाराशरी, पंडित रोहित पाराशरी आदि मौजूद रहे।

# बिलारी में प्रदूषण मुक्ति मोर्चा छह अप्रैल को करेगा धरना प्रदर्शन




मुरादाबाद-राजा का सहसपुर स्थित शुगर मिल से निकलने वाली काली राख से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए प्रदूषण मुक्ति मोर्चा उग्र हो गया। बिलारी में वेंकट हाल में बैठक करने के बाद 6 अप्रैल को तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। शनिवार को ब्रज रतन बैंकट में प्रदूषण मुक्त अभियान के तहत बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें भारी तादाद में लोगों ने हिस्सा लिया। वक्ताओं ने कहा कि प्रदूषण मुक्ति के लिए एक ज्ञापन एसडीएम बिलारी को दिया गया था। जिसमें आश्वासन दिया गया कि मिल प्रबंधन तंत्र व प्रदूषण मुक्त अभियान के तहत आंदोलनकारियों के बीच वार्ता कराई जाएगी। लेकिन कोई वार्ता नहीं हुई। इन्हीं सब बातों को लेकर अभियान का नेतृत्व कर रहे डॉ राकेश रफीक का एक प्रतिनिधिमंडल नई मैनेजमेंट से मिला। लेकिन प्रदूषण रोकने के लिए कुछ आश्वासन नहीं मिला। अब 6 अप्रैल को बिलारी तहसील पर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। वक्ताओं ने कहा शुगर मिल से निकलने वाली काली राख घरों में पहुंचती है। बैठक में जरीफ अहमद, मोहम्मद फरमान, ओमपाल मलिक, सजल कुमार, फैजान , गुलफाम पाशा, मुशफिक रजा, रघुराज सिंह ,जीशान आलम, चौधरी भयराज सिंह, शकील अहमद ,चिंटू कुमार, अचिंत कुमार मुन्ना, प्रेम कुमार,अब्दुल कुद्दूस ,नोमान जमाल, रंजीत सिंह, डाक्टर जितेंद्र दक्ष, विजय कुमार मौर्य ,दीनदयाल ,रामकुमार, रईस अहमद, मोबिन आलम, अर्जुन सिंह, हाजी शमशाद हुसैन, बबलू मसूदी, महावीर सिंह आदि रहे।

# बिलारी में अधिवक्ताओं ने किया विधायक का स्वागत



मुरादाबाद-शनिवार को पुनः निर्वाचित बिलारी विधायक मोहम्मद फहीम इरफान का तहसील प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित कर अधिवक्ताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। शनिवार को सीनियर अधिवक्ता कमाल अकबर एडवोकेट ने कहा कि बिलारी से फहीम इरफान तीसरी बार लगातार विधायक जनता के आशीर्वाद और स्नेह से बने हैं। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चैतन्य पाल सिंह एडवोकेट ने कहा कि विधायक मोहम्मद फहीम इरफान के पिता बिलारी के प्रथम विधायक मरहूम हाजी मोहम्मद इरफान ने लंबे समय तक तहसील बिलारी के वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में काम किया। उनकी कोशिश भी रही कि अधिवक्ता को उनका अधिकार मिले। कहा कि विधायक मोहम्मद फहीम इरफान अधिवक्ताओं को लेकर आगे भी विधानसभा में आवाज बुलंद करेंगे।

विधायक मोहम्मद फहीम इरफान नेकहा कि आपकी को जहां मेरी जरूरत होगी मैं वहां आपके लिए हाजिर रहूंगा। इस अवसर पर राम कुंवर सिंह यादव, भगवान स्वरूप माथुर, उपेंद्र यादव, हाजी मौहम्मद उस्मान, जबर सिंह,चौधरी अजय पाल सिंह, पुनीत प्रकाश, अशोक कुमार गौतम, आशीष शर्मा, विनय यादव, अखिलेश चंद्र गौड़ ,प्रताप सिंह चौहान, तेज प्रताप सिंह, सुदेश कुमार यादव, चौधरी परमजीत सिंह, विजय वीर सिंह, मनोहर सिंह मौर्य, विकास गुप्ता, देवेश शर्मा, अब्दुल कुद्दुस, जेपी सिंह, विजेंद्र चौहान, अवधेश शर्मा, मुकेश गर्ग, राजीव कुमार, संजीव यादव, अतर सिंह, पुनीत प्रकाश, विशन सिंह, सुदेश यादव, शोएब आलम, अनवर हुसैन, मोहम्मद नजर, मोहम्मद कामिल, कुंवर पाल सिंह, उमाशंकर शर्मा, हलीम जावेद, मुकर्रम आदि अधिवक्ताओं के अलावा सपा पूर्व जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, रविंद्र प्रधान पूर्व प्रधान अनीस अहमद, सद्दाम सैफी प्रधान, प्रदेश सचिव छात्र सभा सौरभ यादव मौजूद रहे।

# हर्ष फायरिंग में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत



मुरादाबाद-मझोला थाना क्षेत्र में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से घायल महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। इस मामले में पुलिस हर्ष फायरिंग करने के आरोपी को शुक्रवार को ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मौत के बाद मुकदमा हत्या में तरमीम किया गया है। थाना मझोला के लाकड़ी फाजलपुर निवासी रूमालो ( 55 ) पत्नी रामगोपाल के पड़ोसी सोमपाल के बेटे रोबिन का गुरुवार को लगन था। गुरुवार रात आयोजित लगन समारोह में रूमालो भी थी। बताया गया कि रात में रिश्तेदार, पड़ोसी और महिलाएं डीजे पर डांस देख रहीं थीं। रूमालो भी वहां खड़ी थी। आरोप है कि उसी दौरान मोहल्ले का ही सुनील कुमार तमंचे से फायरिंग कर दिया। तमंचे से निकली गोली रूमालो के पेट में लग गई। आनन-फानन उन्हें दिल्ली रोड मझोला स्थित साईं अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शनिवार दोपहर पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में एसएचओ धनंजय सिंह ने बताया कि हर्ष फायरिंग में शुक्रवार को आरोपी सुनील को गिरफ्तार कर लिया गया था। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार आरोपी के खिलाफ चार्जशीट लगाई जाएगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Rage in Sri Lanka

Anger in Sri Lanka is not only becoming outspoken on the streets, but has also started turning to violence. The demand for the resignation of President Gotabaya Rajapaksa has intensified to such an extent that people have started protesting in front of the President's office. Demonstrations are taking place not only in Colombo, but also in its surrounding suburbs. On Thursday, the situation had become so bad that curfew had to be imposed. The presidential office blamed organized extremists for Thursday's violence, followed by 54 arrests. Actually, people are very much troubled by the lack of fuel, electricity and milk. Along with the common people, policemen were also injured in the clash that took place during the demonstration. Tear gas shells and water cannons also had to be used to remove people from the front of Rashtrapati Bhavan. People are so angry with the President that he has only one slogan, Gotabaya go home. A police bus was set ablaze by the protesters. The army and police have acted with restraint, but there is no guarantee that there will be no violent protests in the coming days. The problem is that thousands of people are gathering for the demonstration, it is very difficult for any government or administration or for a democratic country like Sri Lanka to take strong action against so many people at once. People have chosen the President and now most of the people are in favor of removing the President. If people believe that the current President has derailed the country's economy, then there is some truth in it. It is worth noting that Gotabaya Rajapaksa is also credited for peace in Sri Lanka. Gotabaya has a major contribution in bringing Sri Lanka's nearly 30-year-long conflict with the LTTE to an end. In Sri Lanka, he has been considered a war hero by many, but now his popularity is fast eroding. He is starting to lose his status as a role model in Sri Lanka. The demonstration in front of his office is an ominous sign for Sri Lanka. The dwindling supply of oil or fuel has shaken the island nation. We are facing power cuts of 13 hours or more per day. The country has a lot of debt and the foreign exchange reserves have been depleted. India has given $2.4 billion in financial assistance to Sri Lanka in February and March. Sri Lanka needs more money because its earnings have almost stopped. India is trying to improve the economy under various projects, but it will take time. Sri Lanka's economy has almost collapsed due to war and excessive policy changes. India should think of helping Sri Lanka in a big way, as India is the nearest neighbor of Sri Lanka. It is worth noting that the crisis arising in Sri Lanka will also affect Tamil Nadu. Tamil Nadu Chief Minister MK Stalin has sought permission from the state government to provide humanitarian aid to Sri Lankan Tamils. There are fears that the migration of Tamils ??from Sri Lanka will increase due to unemployment and back breaking inflation, which will directly increase the burden on Tamil Nadu. crisis will directly or indirectly harm India. India should take all possible steps to ensure that the situation in Sri Lanka settles down quickly and violent situation does not arise anywhere.

# Sumona Chakraborty breaks silence on the news of leaving 'The Kapil Sharma Show', tells the truth

'The Kapil Sharma Show' is always ahead to entertain people on TV. Every actor in the show is its life. One such actress Sumona Chakraborty was recently being discussed that she is going to leave Kapil Sharma's show because Sumona wants to focus on her new project. On these reports, the actress has finally told the truth, breaking her silence. Recently Zee Zest shared the promo of its new show 'Shonar Bengal'. In which Sumona was seen. After this promo, it was said that Sumona is soon going to leave Kapil's show. However, Sumona put an end to these rumours and told in an interview with India.com that she is not thinking of leaving the show at all. Sumona said, "Let me confirm that I have not left 'The Kapil Sharma Show'. Nor do I have any intention to do anything like this. Show 'Shonar Bengal' is a one-month commitment. This show is about my traveling. Passion and pride fulfills the desire to be a Bengali. That's why I signed the show."



Sumona's answer is a big news for her fans as she has been associated with Kapil Sharma's show for a long time. Sumona plays the role of Sarla Gulati in 'The Kapil Sharma Show', who is Kapil Sharma's neighbor and is in love with him. The jugalbandi of both in the show is very much liked by the audience. Let us tell you that 'Shonar Bengal' is a travel show of Zee Entertainment's lifestyle channel Zee Zest. In which Sumona will be seen as a host. This show will be a series of 10 episodes, in which the audience will be shown Bengal from a different perspective. For this show, Sumona has only taken a break from 'The Kapil Sharma Show' and not left the show.

# Heropanti 2 new song 'Jalwanuma' teaser released

Mumbai: The teaser of the new song Jalwanuma from Bollywood actor Tiger Shroff's upcoming film Heropanti 2 has been released. These days Tiger Shroff is in discussion about his upcoming film Heropanti 2. Tara Sutaria and Nawazuddin Siddiqui also have important roles in this film. The teaser of the new song of this film named Jalwanuma has been released. In this song, Tiger Shroff is seen having an emotional-romance with Tara Sutaria. The song is composed by AR Rahman and sung by Pooja Tiwari and Javed Ali."Tiger Shroff has shared the teaser of the song Jalwanuma on his Ku account. Significantly, in the film Heropanti 2, Tiger Shroff is going to be seen in the lead role of Bablu. Directed by Ahmed Khan, the film is produced under the banner of Sajid Nadiadwala Films. The film will be released on April 29, 2022, on the occasion of Eid.



# पूर्व सपा विधायक के भाई पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामनाथ यादव के ललहट भट्टे पर चला बुलडोजर



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जैथरा ( अलीगंज ) उत्तर प्रदेश में पुनः मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के नेतृत्व में गठित प्रदेश सरकार के बाद एटा जिले की तहसील अलीगंज के थाना जैथरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ललहट स्थिति पूर्व सपा विधायक रामेश्वर सिंह यादव के भाई रामनाथ यादव पूर्व ब्लॉक प्रमुख जैथरा के भट्टे पर एसडीएम अलीगंज मानवेन्द्र सिंह व सीओ अलीगंज राजकुमार सिंह के नेतृत्व में अलीगंज व जैथरा के भारी पुलिस बल एवं सशस्त्र पीएसी जवानों की मौजूदगी में ५ बुलडोजर लवाकर भट्टे के आस पास अवैध रूप से कब्जा की गयी करोडों रूपऐ की सरकारी भूमि को आज शुक्रवार को दोपहर बाद कब्जामुक्त कराने का अभियान चलाया गया है !ज्ञातव्य हो कि जिला प्रशासन ने कुछ दिन पूर्व उक्त भट्टे की पैमाइश करायी थी तब धरातल पर करोडों रूपऐ की भूमि पर अवैध कब्जा पाया था ! जिला प्रशासन द्वारा आज अचानक चलाऐ गऐ बुलडोजर से अन्य भूमाफियाओं के कान खडे हो गऐ है तथा उन्हें भी शंका हो रही है कि पता नहीं कब योगी का बुलडोजर उनकी तरफ मुखातिब हो जावे ! जिला प्रशासन द्वारा बुलडोजर लेकर भट्टे पर की जा रही ध्वस्तीकरण कार्यवाही के दौरान भट्ठा स्वामी पूर्व ब्लॉक प्रमुख जैथरा रामनाथ यादव व उनके समर्थक मौजूद नहीं है

# शासन की मंशानुरूप अब और भी सशक्त होगा एंटी रोमियो स्क्वाड, स्कूल, कॉलेज आदि में पहुँच महिलाओं एवं बालिकाओं को दिलाएगा सुरक्षा का अहसास

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-शासन की मंशानुरूप अब और भी सशक्त होगा एंटी रोमियो स्क्वाड, स्कूल, कॉलेज आदि में पहुँच महिलाओं एवं बालिकाओं को दिलाएगा सुरक्षा का अहसास शासन की मंशानुरूप महिलाओं एवं स्कूली छात्राओं की सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे एंटी रोमियो स्क्वाड की 19 टीमों का पुनर्गठन करते हुए दिनांक 02.04.2022 को जिलाधिकारी एटा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा हरी झंडी दिखाकर माया पैलेस चौराहे से शहर क्षेत्र में रवाना किया गया। इससे पूर्व जिलाधिकारी एटा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा एंटी रोमियो स्क्वाड टीमों को आवश्यक निर्देश देते हुए बताया गया कि एन्टी रोमियो स्क्वाड हर दिन अलग-अलग स्कूल, कॉलेज, कोचिंग, पार्क, मंदिर आदि स्थानों पर जाकर महिला/छात्राओं की सुरक्षा की गारंटी देगा तथा साथ ही पुलिस की पाठशाला का आयोजन कर छात्राओं के आत्मविश्वास को ऊँचा करने व आत्मसुरक्षा हेतु टिप्स देगा एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा महिलाओं/किशोरियों की सुरक्षा हेतु जारी किये गये हेल्प लाइन नम्बर्स पर काल करने के सम्बन्ध में जानकारी भी देगा। हर दिन एंटी रोमियो स्क्वाड का महिला थाना पुलिस व क्षेत्रीय पुलिस भी सहयोग करेगी, जिससे मनचलों पर शिकंजा कसा जा सके। इसके अतिरिक्त शहर के बाहरी इलाकों व ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी से दूर स्थित बालिका विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों को भी एण्टी रोमियो स्क्वाड के कार्यक्षेत्र में लाया गया है। ऐसे विद्यालय व कोचिंग संस्थानों में किसी भी शिकायत के लिए शिकायत पेटिका भी रखी जायेंगी। जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष बालिका विद्यालयों के प्रधानाचार्य और अध्यापकों के सम्पर्क में रहकर प्रतिदिन कुशलता पूछेंगे। इसी क्रम में जनपद के प्रत्येक सर्किल में क्षेत्राधिकारियों द्वारा भी एंटी रोमियो स्क्वायड टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी सदर श्री राघवेन्द्र सिंह राठौर, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर, प्रभारी महिला थाना, यातायात प्रभारी तथा जनपदीय परिवार परामर्श केंद्र की महिला सदस्य एवं अन्य गणमान्य महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे।

# हिंदू नव वर्ष के पर्व पर मौजूद हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी व सदस्य



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-हिंदू जागरण मंच एटा द्वारा नव सम्वतसर( हिंदू नव वर्ष )चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत् 2079 के उपलक्ष में हिंदू जागरण मंच ने पदाधिकारियों के साथ जनता दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना कर व चंदन का टीका लगाकर मनाया तथा सड़क पर अपने गंतव्य की ओर जाते हुए सभी लोगों को हिंदू नव वर्ष की बधाई दी।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव चौहान ने कहा, 'आज के दिन भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ था, आज के दिन सभी सनातनियों को अपने-अपने घर पर भगवा ध्वज लगाना चाहिए एवं अपने आसपास सभी लोगों को शुभकामनाएं देकर एक पर्व की तरह मनाना चाहिए। जिला महामंत्री डॉ0 मनोज गुप्ता ने कहा, 'आज का पर्व सृष्टि की रचना का आरम्भ दिवस एवं भगवान विष्णु के अवतार दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।' कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र पांडे, पूर्व विधायक शिशुपाल, युवा जिलाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, उमेश यादव, रवि चौहान, रानू जैन, ज्ञानेंद सिंह, रामनरेश शाक्य, संदीप शर्मा, मोनू शर्मा व मोहित सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार का कहर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जलेसर- थाना शकरौली अंतर्गत आगरा-जलेसर रोड़ स्थित नगला छोंकर पेट्रोल पंप के पास मैक्स और बाइक की भिड़ंत बाइक सवार गम्भीर रूप से हुआ घायल, प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार मैक्स में एक तरफ की हैड लाइट बन्द थी साथ ही मेक्स नगला लाल सिंह की बताई गई है, परन्तु घायल की पहचान नहीं हो सकी है कि जानकारी मुझे मिलते ही मैने सम्बन्धित थानाध्यक्ष सहित क्षेत्रधिकारी जलेसर को अवगत करा दिया गया है।

# पंचायत विकास संस्थान की मासिक बैठक सम्पन्न

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-पंचायत विकास संस्थान की मासिक बैठक का आयोजन शांति नगर स्थित कैंप कार्यालय पर हुआ ।बैठक की अध्यक्षता पंचायत विकास संस्थान के अध्यक्ष पंकज कुमार एडवोकेट ने की, और संचालन संस्था के सचिव देवेंद्र लोधी ने किया ।इस अवसर पर पंचायत विकास संस्थान के अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने कहा कि ग्राम पंचायतों का विकास पंचायत विकास संस्थान का मुख्य उद्देश्य है ।हम सब मिलकर ग्राम पंचायतों के विकास के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर संस्था के सचिव देवेंद्र कुमार लोधी ने कहा कि ग्राम पंचायत के सदस्यों को भी मानदेय में बढ़ोतरी की जानी चाहिए, क्योंकि ग्राम पंचायत के सदस्य भी उतने ही माननीय हैं जितने विधानसभा और लोकसभा के सदस्य। संविधान के अनुसार इन सब को बराबर के अधिकार प्राप्त हैं लेकिन सुविधाओं के नाम पर ग्राम पंचायत के सदस्य, क्षेत्र पंचायत के सदस्य और जिला पंचायत के सदस्य और सभासदों को उनको उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। इस अवसर पर पंचायत विकास संस्थान की कोषाध्यक्ष श्रीमती सरिता एडवोकेट ने कहा कि ग्राम पंचायतों में महिलाओं की स्थिति बहुत ही खराब है

हमें सबको मिलकर उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से महिलाओं के उत्थान के लिए प्रयास जारी रखने होंगे। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित श्रीमती चंद्रेश जैन, श्रीमती किरन, विधि राज मूर्ति, अनूप सिंह, चंद्र प्रताप सिंह ,विजेंद्र कुमार,रनवीर सिंह, योगेन्द्र सिंह, देवेंद्र लोधी आदि लोग उपस्थित रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले के आरोपी को 07 वर्ष कारावास एवं 17000 रुपए के जुर्माने की मिली सजा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते माननीय न्यायालय से नाबालिग से दुष्कर्म के मामले के आरोपी को 07 वर्ष कारावास एवं 17000 रुपए के जुर्माने की मिली सजा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- आज दिनांक 01.04.2022 को अभियुक्त सुनील पुत्र बाबुलाल निवासी सतोली थाना एत्मादपुर जिला आगरा संबंधित मुअस- 165/13 धारा 363,366,376 भादवि 4 पोक्सो एक्ट थाना सकरौली जिला एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय स्पे0 जज पोक्सो-2 एटा द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को 7 वर्ष कारावास एवं 17000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया!

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# यूपी शिया सेंट्रल वक़्फ़ बोर्ड की मीटिंग सम्पन्न हुई

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




बरेली- मीटिंग में सभी सदस्यों ने वक़्फ़ अधिनियम 1995 के अनुसार सभी फैसलो पर मोहर लगाई। यूपी शिया सेंट्रल वक़्फ़ बोर्ड की प्राथमिकता वक़्फ़ में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ है और भू माफिया के विरुद्ध। इसी को ध्यान में रखकर बोर्ड के चेयरमैन श्री अली ज़ैदी की अध्यक्षता में कुछ अहम फैसले लिए गए। मीटिंग में लिए गए विभिन्न फैसलो मे से कुछ एहम फैसले नीचे प्रस्तूत है। 1. रामपुर में सपा सरकार में आज़म खान द्वारा रामपुर के शाही परिवार से छीने गए औक़ाफ वापिस किए गए। 2. लखनऊ में दरिया वाली मस्जिद के मुतवल्ली बने मौलाना कल्बे जव्वाद 3.आगरा स्थिति एतिहासिक मजार शहीद ए सालिस में भ्रस्टाचार के गंभीर आरोपों के सिद्ध होने के बाद वहाँ की प्रबंध कमेटी को बर्खास्त किया गया और मौलाना आगा रूही की सरपरस्ती में नई प्रबंधन कमेटी बनाई गई। 4. लखनऊ में इमामबाड़ा इकरामउल्ला में वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत के बाद मुतवल्ली को हटाया गया। 5. कानपुर में बड़ी कार्यवाही करते हुए वक्फ हादि बेगम हाजरा बेगम की प्रबंध कमेटी को बर्खास्त किया गया। 6. लखनऊ स्थित कर्बला मीर खुदा बक्श, तालकटोरा में वक्फ बोर्ड के सदस्य फैज़ी के विरुद्ध मिली शिकायतों के बाद चली लंबी जांच के बाद बोर्ड ने सर्वसम्मति से उन्हें मुतवल्ली पद से बर्खास्त कर दिया। कार्यवाही के चलते कल की बोर्ड बैठक मे नही शामिल हुए थे फैज़ी। वहाँ बोर्ड ने कर्बला को अपने सीधे नियंत्रण में लेते हुए पूर्व राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष रहे गएरूल रिज़्वी के पुत्र ज़ैगम रिज़्वी को प्रशासक नियुक्त कर दिया। 7. सहारनपुर में इमामबाड़ा अंसारीयान में नई कमेटी बनाई गईं। 8. लखनऊ के हज़रतगंज स्थित इमामबाड़ा सिबतैनाबाद में मुतवल्ली के इस्तीफे के बाद रिक्त स्थान पर रमजान से पहले बेहतर प्रबंध के लिए वक्फ बचाव आंदोलन के अध्यक्ष शामील शम्सी को मुतवल्ली पद की जिम्मेदारी सौपी गई। 9. फर्रुखाबाद की सुनहरी मस्जिद में मुतवल्ली की मृत्यु के पश्च्यात रिक्त स्थान पर मुतवल्ली नियुक्ति की गई। 10. लखनऊ स्थिति वक्फ मीर दरोगा वाजिद अली के मुतवल्ली को प्राप्त शिकायतों के आधार पर जांच के बाद बर्खास्त किया गया

# लम्बित 17 % महंगाई भत्ता छत्तीसगढ़ में भी जल्द प्रदान करने की मांग

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर -छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री रंजय सिंह एवं जिलाध्यक्ष भुपेश सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों के मँहगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि कर दिया है। वर्तमान में केंद्रीय कर्मचारियों को 31 प्रतिशत मँहगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है, जिसमें तीन प्रतिशत की वृद्धि किए जाने से मँहगाई भत्ता बढ़कर अब 34 प्रतिशत हो गया है। केंद्र सरकार आमतौर पर साल में दो बार मँहगाई भत्ता बढ़ाता है। अभी बढ़े हुए मँहगाई भत्ते का लाभ केंद्रीय कर्मचारियों को जनवरी 2022 से मिलेगा। वहीं वर्तमान में राज्य के कर्मचारियों को केवल 17 प्रतिशत मँहगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है। जबकि केंद्रीय कर्मचारियों का मँहगाई भत्ता बढ़कर 34 प्रतिशत हो गया है। इस प्रकार अब केंद्रीय कर्मचारियों का मँहगाई भत्ता छग राज्य के कर्मचारियों से दुगुना हो गया है। प्रदेश के कर्मचारियों का मंहगाई भत्ता विगत दो वर्षों अर्थात एक जनवरी 2020 से अब तक रुका हुआ है। राज्य के कर्मचारियों को केन्द्र के कर्मचारियों के समान मंहगाई भत्ता दिया जाता है। अतः प्रदेश में एक जनवरी 2020 से लंबित 4 प्रतिशत, जुलाई 2020 से 3 प्रतिशत, जनवरी 2021 से लंबित 4 प्रतिशत, जुलाई 2021 से लंबित 3 प्रतिशत एवं जनवरी 2022 से 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ता को मिलाकर 17 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए कुल 34 प्रतिशत मंहगाई भत्ता प्रदान किया जाए। विदित हो कि मँहगाई भत्ता में केंद्रीय कर्मचारियों से 17 प्रतिशत पीछे होने के कारण प्रदेश के शिक्षक संवर्ग एवं अन्य कर्मचारियों-अधिकारियों को प्रतिमाह पांच हजार से लेकर पंद्रह हजार रुपये तक नुकसान हो रहा है। बढती महंगाई में दो वर्षो से महंगाई भत्ते लंबित होने से प्रदेश के कर्मचारियों में नाराजगी है। छत्तीसगढ टीचर्स एसोसिएशन सूरजपुर की ओर से एसोसिएशन के प्रांतीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों ने अविलंब महंगाई भत्ते की समस्त लंबित किस्ते जारी करने की मांग किया है,इन्होंने बताया कि महंगाई की मार कर्मचारियों पर भी पड़ रहा है कोरोना के बाद से सभी सामग्री के मूल्यों में अत्यधिक बृद्धि हुई है इसलिए लम्बित महंगाई भत्ता की किस्त को छत्तीसगढ़ में भी जल्द जारी करना चाहिए ।

# कलेक्टर ने भैयाथान ब्लॉक के ग्रामवार समस्या शिविर में निराकरण किए गए कार्यों की समीक्षा की

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर - कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में भैयाथान ब्लॉक के ग्रामवार विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों सहित मांगो के निराकरण हेतु प्राप्त आवेदनों का जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव की उपस्थिति में नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, ग्राम अधिकारी एवं विभाग के अधिकारियों की बिंदुवार समीक्षा ली। उन्होंने अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन गंभीरता से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने विभागों के मैदानी अमलों को भी शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन सक्रिय होकर करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांवों में डोर टू डोर सर्वे कर नागरिकों से राशन कार्ड, नवीन पेंशन, पेंशन के लंबित भुगतान, दिव्यांगजनों को ट्राईसिकल, कृषि बीज वितरण, तालाबों में मत्स्य समूहों को जोड़ने आवेदन, किसान-किताब वितरण, सीमांकन, नामांकन, नक्शा बटांकन, जाति, आय, मूल निवास प्रमाण पत्र आदि से संबंधित आवेदन लेकर गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समस्याओं के बेहतर निराकरण के लिए शिकायत स्थल पर मौके पर पहुंचकर अवलोकन करने के निर्देश दिए हैं। जिससे वास्तविकता से अवगत होकर समय अवधि में निराकरण किया जा सके। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य, विद्युत, जिला पंचायत, सड़क निर्माण, महिला बाल विकास विभाग, गोठान, नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी, खाद्य विभाग, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, पशुपालन विभाग, नगरीय निकाय, भूमिहीन ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना आदि फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षा विभाग के अन्तर्गत शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, शौचालय की व्यवस्था, जर्जर भवन, स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की उपलब्धता आदि की जानकारी लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाईयों और स्वास्थ्य अमले की उपलब्धता, ओपीडी, आईपीडी, सर्जरी, आयुष्मान कार्ड से ईलाज एवं हाट-बाजार क्लिनिक योजना के तहत उपचारित मरीजों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने बिजली विभाग के अधिकारियों को बिजली बिल से संबंधित शिकायतों के निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव से पुलिस संबंधी प्रकरण एफआईआर समय पर करने, अवैध खनन करने वालों पर समन्वय कर एसपी कार्यालय टीआई श्री धर्मानंद शुक्ला को पुलिस अमला द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। गांव से पशुओं में टीकाकरण नहीं होने की जानकारी के आवेदन प्राप्त हो रहे हैं उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग को गांव में पहुंचकर पशुओं के टीकाकरण की व्यवस्था शत प्रतिशत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सीमांकन, बंटाकन, भू-अर्जन, फौती, नामांतरण आदि के लंबित राजस्व प्रकरणों को भी प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पटवारियों के मुख्यालय में उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों एवं विभाग के अधिकारियों को गांव की वास्तविक समस्याओं को जानने के लिए गांव का भ्रमण करने कहा एवं पटवारी एवं सचिव के गांव वालों से शिकायतों की जानकारी लेने कहा है। मनरेगा के अन्तर्गत किए जा रहे कार्य और समय पर मजदूरी भुगतान की भी जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने श्मशान घाट सहित विभिन्न गांव तक कच्चे सड़क मार्ग निर्माण संबंधी मांग आने पर मनरेगा विभाग को कच्ची सड़क बनाने तत्काल स्वीकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सामाजिक सुरक्षा संबंधी पेंशनों का वितरण, नवीन राशन कार्ड, भूमिहीन मजदूरों के न्याय योजना में पंजीकरण आदि की भी जानकारी अधिकारियों से ली एवं किसी कारण से भुगतान शेष है उन्हें शीघ्र भुगतान की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत नागरिकों को दिलाना सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## Nsui प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद श्री नीरज पांडेय जी का आज पेण्ड्रा प्रथम नगर आगमन



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

पेंड्रा- Nsui प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद श्री नीरज पांडेय जी का आज पेण्ड्रा प्रथम नगर आगमन हुआ जिसमें दुर्गा चौक बस स्टैंड पेन्ड्रा में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रियांश सोनी और शशांक शर्मा के नेतृत्व में जोरदार स्वागत हुआ जिसमें सभी nsui के साथी और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष जी का जोरदार स्वागत किया वही नीरज पांडे ने कहा कि प्रदेश की सरकार छात्रों के साथ है और ऐसे ही छुह्मह्म के कार्यकर्ता हमेशा छात्र हित की लड़ाई आगे भी लड़ते रहेंगे।

## कलेक्टर ने स्पोर्ट्स टीचर, संकुल शैक्षिक समन्वयक, ब्लॉक समन्वयक और विकास खंड शिक्षा अधिकारियों की ली बैठक



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्ट्रेट परिसर के अरपा सभा कक्ष में स्पोर्ट्स टीचर, संकुल शैक्षिक समन्वयक, ब्लॉक समन्वयक और विकास खंड शिक्षा अधिकारियों की बैठक ली है। कलेक्टर ने कक्षा पहली से आठवीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए गणित एवं भाषाई कौशल उन्नयन पर विशेष ध्यान दिए जाने कहा जिससे बच्चे वार्षिक परीक्षा से पहले गणित एवं भाषाई ज्ञान मे दक्ष हो सके। बैठक में कलेक्टर ने स्पोर्ट्स टीचरों से जिले के खेल मैदानों की वर्तमान स्थितियों की जानकारी ली तथा निर्माण कार्य, समतलीकरण आदि कराए जाने की आवश्यकता होने पर आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के ऐसे छात्र जिनकी खेलकूद में विशेष रूचि है उन्हें प्रोत्साहित किए जाने कहा। उन्होंने जिले के सभी शिक्षकों को निष्ठा एप में शतप्रतिशत पंजीयन कराए जाने कहा तथा ऐप के माध्यम से प्रतिदिन जानकारियां संकलित करने और लापरवाही पाए जाने पर आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए स्कूली बच्चों के लिए स्कूलों में ओआरएस के घोल, शक्कर पानी की व्यवस्था किए जाने कहा जिससे उन्हें लू तथा किसी भी प्रकार की कमजोरी से बचाया जा सके। कलेक्टर ने सभी विद्यालयों में साफ सफाई, शौचालयों में स्वच्छता, रनिंग वाटर, मध्यान्ह भोजन का अच्छी गुणवत्ता के साथ नियमित संचालन आदि व्यवस्थाए सुनिश्चित किए जाने कहा तथा स्कूलों के जर्जर भवनों में जहां मरम्मत की आवश्यकता हो सुधार कार्य कराए जाने तथा अत्यंत जर्जर भवनों को शाला विकास समिति के माध्यम से विघटित कराए जाने कहा। उन्होंने सभी शैक्षिक संकुल समन्वयक को नियमित स्कूलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं तथा शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए लापरवाही पाए जाने पर आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अच्छे कार्य करने वाले सीख मित्रों को नायक के रूप में चिन्हांकित करते हुए उन्हें प्रत्येक माह प्रोत्साहित किए जाने कहा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री मनोज राय, सभी विकासखंड के विकास खंड शिक्षा अधिकारी,स्पोर्ट्स टीचर, संकुल शैक्षिक समन्वयक, ब्लॉक समन्वयक उपस्थित थे।

## पुलिस अधीक्षक ने थाना इकौना का किया वार्षिक निरीक्षण

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रस्ती- पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने थाना इकौना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के रजिस्टर नंबर 8, अपराध रजिस्टर, एक्टीव लिस्ट, बीट सूचना रजिस्टर ,फ्लाई शीट रजिस्टर, हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया । अभिलेखों के रखरखाव, मालखाना व लावारिस तथा मुकदमाती मालों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। थाना पर नियुक्त समस्त विवेचकगण को विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन किया गया जिसमें बीते हुए त्यौहारो की प्रविष्टि अंकित पायी गयी। थानास्टाफ का नियमित सम्मेलन व उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण सक्षम स्तर से कराये जानें, बीट कर्मचारियों द्वारा बीट सूचना दर्ज करानें तथा बीट सूचना पर आवश्यक कार्यवाही करनें के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये। सभी बीट प्रभारी/कर्मचारियों को भी निर्देशित किया गया कि वह अपने-अपने बीट में जाकर चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण कराये। थाना स्तर पर शिकायत लेकर आने वाले शिकायतकर्ता की शिकायत नोट करनें तथा समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया साथ ही साथ थाना इकौना के अधिकारी/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। प्रभारी निरीक्षक थाना इकौना को निर्देश दिया गया कि आरक्षियों को थाना स्तर पर संपादित किए जाने वाले प्रत्येक कार्य के बारे में बेहतर जानकारी दी जाए । थाना पर मालमुकदमाती वाहन/मालों का निस्तारण शीघ्रातिशीघ्र कराने हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया।

थाना परिसर भ्रमण के दौरान आवासीय भवनों, भोजनालय, शौचालय व उठनें बैठनें के स्थानों को भी स्वच्छ रखनें हेतु निर्देश दिया गया। विधानसभा निर्वाचन 2022 में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु थाने के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण एवं ग्राम प्रहरियों को शुभकामनाएं दी गई तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, साथ ही साथ सभी को ब्रीफ कर उन्हे आपने सेहत पर विशेष ध्यान देने, योगा व व्यायाम करने से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया।इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना इकौना संतोष कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## साइबर ठगी करने वाले दो शातिर ठग गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रस्ती- डीलरशिप दिलाने के नाम पर साइबर ठगी करने के मामले में संयक्त टीम ने दिल्ली से दो आरोपितों को दबोच लिया। पूछताछ के बाद इन्हें जेल भेजा गया है। आरोपितों के कब्जे से 10 मोबाइल फोन, लैपटाप व अन्य सामान भी बरामद किया गया है। बैंक खाते में जमा राशि को फ्रीज किया गया है। एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि इकौना निवासी सनत कुमार कसौंधन ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया था कि हीरो मोटोकार्प कंपनी का डीलरशिप दिलाने का लालच देकर उसके साथ साइबर अपराधियों ने धोखाधड़ी की है। उनके छह लाख 87 हजार दौ सौ रुपये हड़प लिए हैं। प्रकरण को संज्ञान में लेकर साइबर सेल व इकौना थाने की संयुक्त टीम बनाकर मामले की जांच कर घटना का खुलासा करने की जिम्मेदारी दी। पड़ताल के दौरान पुलिस ने ठगी गिरोह के अशोक सिंह उर्फ महिपाल सिंह बोरा निवासी काचुला पोस्ट धौलाचीना जिला अलमोड़ा उत्तराखंड वर्तमान पता सी-22 महालक्ष्मी अपार्टमेंट जीवनपार्क थाना डाबरी नई दिल्ली व नदीम खां निवासी राजधानी पार्क नागलोई थाना नागलोई नई दिल्ली के शामिल होने की पुष्टि की। एसपी के निर्देश पर गिरफ्तारी के लिए संयुक्त टीम दिल्ली रवाना हुई। यहां आरोपितों को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। ट्रांजिट रिमांड पर इन्हें लेकर गुरुवार को पुलिस श्रावस्ती पहुंची। इनके कब्जे से लैपटाप, 10 मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, हार्डडिस्क व पेनड्राइव बरामद हुआ। पूछताछ के बाद इन्हें जेल भेजा गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में निरीक्षक रामपाल यादव, उपनिरीक्षक धर्मराज, आरक्षी रमेश सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, रमाकांत नायक व कुलदीप कुमार गुप्ता शामिल रहे।

## बड़ी धूमधाम से प्रान्तीय उधोग व्यापार मंडल ने किया

## स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन

### कार्यक्रम का मुख्य संचालन महामंत्री सुदेश अग्रवाल ने किया




दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- प्रान्तीय उधोग व्यापार मंडल ने शुक्रवार को बरेली के एक होटल में जीते हुए प्रत्याशीयो का सम्मान समारोह का आयोजन किया कोरोना के बाद और विधानसभा चुनाव के बाद ये पहला ऐसा मौक था जिसमे बरेली के व्यापारीयो ने खुले मंच से सरकार के मंत्री और जनप्रतिनिधियों के सामने अपनी बात रखी कार्यक्रम में शहर विधयाक और उत्तर प्रदेश सरकार में पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार,कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, बिथरी विधायक डॉक्टर राघवेंद्र शर्मा मौजूद रहे कार्यक्रम में व्यापारियों ने बड़ी गर्म जोशी से तीनों जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया शहर विधायक डॉक्टर अरुण कुमार ने व्यापारियों से मन की बात की और कहा कि की कोरोना में व्यापारियों का काफी नुकसान हुआ है कोरोना काल मे व्यापारी दुकाने नही खोल पाए और खर्चे भी पूरे रहे पर अब भारत सरकार की तरफ से कोरोना की गाइडलाइंस लगभग लगभग समाप्ति की और है आप सब व्यापारी अब अपने व्यापर की तरफ देखे बाकी किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो वो सीधे उनसे जुड़ कर अपनी समस्या उनको बता सकते है और वो उनकी समस्या का जल्दी से जल्दी समाधान करेंगे वही कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने व्यापारियों को ये भरोसा जताया कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार में किसी भी तरह का भय का माहौल नही है ना ही व्यापारियो पर अन्य कोई दबाव रहेगा व्यापारी अब बिना भय के कारण अपना व्यपार करे कोषाध्यक्ष,पी पी सिंह बंटी ठाकुर व्यवस्था वा मीडया प्रभारी,अमित वर्मा ,नीलेश अग्रवाल, दुर्गेश गुप्ता,राजीव साहनी,राजीव गुप्ता,मुकुल अग्रवाल,मुकुंद बास,राहुल,नीरज अग्रवाल,सचिन गुप्ता,शिखा मेहरोत्रा संजीव साहनी कुलमोहन अरोरा देवेंद्र जोशी अरेन्द्र मिश्रा आदि मौजूद रहे

## गुरेंह गांव के पास बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हुई मौत



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा - अपको बता पूरा मामला जनपद बांदा के देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत के ग्राम पंचायत गुरेह का है । जहां तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया है। उसकी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई है ,। मृतक के भाई शिवकुमार ने बताया मेरा भाई मोटर साईकिल से राजू दूध लेकर बांदा जा रहा था रोड किनारे खड़ा था तभी तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर जिससे उसकी मौत हो गई घटना की जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने किसी तरह से लोगों को समझा बुझाकर कर जाम खुलवाया है व शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है ।मामला देहात कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत के बिसंडा रोड गुरेह गांव के पास का

# दो जिलों के सीमा विवाद में चार घंटे पड़ा रहा महिला का शव

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद -जिला फर्रुखाबाद थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र में दो जिलों के सीमा विवाद में चार घंटे पड़ा रहा महिला का शव फर्रुखाबाद मोहम्मदाबाद नदी के किनारे एक अज्ञात महिला का शव पड़ा होने की सूचना पर दो जिलों की पुलिस और रजस्व टीम सीमा के विवाद में उलझी रही इस बात पर कसम खाकर चलती रही कि आखिर महिला की लाश किस जनपद की सीमा में है घंटो तक महिला की लाश को कफन तक नसीब नहीं हुआ कई घंटे चली नापजोक के बाद आखिर लाश जनपद फर्रुखाबाद की सीमा में ही पाया गया जिसके बाद उसके शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया दरअसल कोतवाली क्षेत्र की सीमा पर काली नदी बहती है दोपहर लगभग एक पुलिस को सूचना मिली की एक महिला की लास्ट नदी में है जिस पर पुलिस जब देखने पहुंची तो मौके पर कुछ भी नजर नहीं आया वहां कुछ घंटे बाद दोपहर लगभग 3 बजे फिर पुलिस को महिला का शव पड़ा होने की सूचना मिली पुलिस ने मौके पर पहुंची तो महिला का शव नदी में पढ़ा था कोतवाली मोहम्मदाबाद दिलीप कुमार बिंद बा बेवर थानाध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा में सीमा विवाद शुरूहो गया बात ना बनाने पर जनपद फर्रुखाबाद की तरफ से लेखपाल सौरभ पांडे वाह बेवर की तरफ से लेखपाल उमेश चंद्र आ गये जिसके बाद अपनी अपनी जरीब और नक्शे की मदद से सीमा विवाद फुल जाने का प्रयास हुआ बाद में महिला की लाश मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में पड़ी निकली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया महिला काला पेटिकोट लाल ब्लाउज पहने थे उसकी शिनाख्त के लिए मैनपुरी से कुछ लोगपहुंचने और सब के सनाखत का प्रयास किया कोतवाली दिलीप कुमार बिंद ने बताया की अभी शव की शिनाख्त नहीं हुई है जांच की जा रही है

# पुलिस मुटभेड़ में दो बदमाश हुए घायल



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा -बांदा पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के कुशल निर्देशन में जनपद में आपरेशन क्लीन के चलते अपराध और अपराधियो पर लगाम लगाने के क्रम में बांदा जनपद के अतर्रा थाना अंतर्गत बड़ोसा रोड शांति धाम स्कूल के पास पुलिस वा बदमाशो से हुई मुठभेड़ में दो लुटेरे हुए घायल, जो काफी समय से जनपद के अतर्रा नरैनी क्षेत्र में सक्रिय थे। दोनों लुटेरे, मध्य प्रदेश के जनपद छतरपुर के रहने वाले है दोनों लुटेरे, किसी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य आए थे दोनों लुटेरों की सूचना मिलने पर पुलिस ने किया गिरफ्तारी का प्रयास,किया। लुटेरों ने पुलिस टीम पर की फायरिंग, बचाव में पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में घायल हुए दोनों, घायल लुटेरों को पुलिस ने इलाज के लिए ट्रामा सेन्टर में भर्ती कराया

# नाजायज तमंचा के साथ एक गिरफ्तार




लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रस्वी- पटखौली चौराहा पर ठेलिया पर भूसा लेकर घर जा रहे थे कि मोटरसाइकिल से लालू सिंह उर्फ रोहित सिंह पुत्र हरि बहादुर सिंह व नीरज सिहं पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम रघुनाथ पुर थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती के है उनके समीप आये और गाली गलौज करने लगे और दोनो व्यक्ति मोटरसाइकिल से उतर कर जान से मारने की धमकी देने लगे तथा लालू उर्फ रोहित सिंह ने अपने कमर से नाजायज तमंचा निकाल लिया। जिसको ग्रामीणों की मदद से पकड़ लिया गया तथा दूसरा व्यक्ति फरार हो गया। मौके से फरार व्यक्ति गिरफ्तारी हेतु टीम लगा दी है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी मय पुलिस टीम व आम जनमानस के सहयोग से 01 अभियुक्त 01 अदद अवैध तमंचे व 02 अदद खोखा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना इकौना पर मु0अ0स0 79/22 धारा 307, 323, 504, 506 भादवि व 3( 2 )( 5 ) द, ध स्ष्ट/स्झ्र ष्टझ्र व मु0अ0स0 80/22 धारा 3/25 व 5/27 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया।

WWW.KNLSLIVE.COM

## जनता पस्त नगर पालिका मस्त

अमर दीप कुशवाहा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- मोहल्ला सलावात खां में कई महीनो से मंदिर के पास कूड़ा डाला जाता है जिसकी नगर पालिका को कई बार शिकायत भी की गई पर इस पर कोई भी सुनवाई नहीं हुई है जनता का कहना है अगर सुनवाई नहीं हुई तो आंदोलन कर सकते हैं आपको बताते चलें पिछले कई साल से कूड़ा पढ़ रहा है वहीं पर मंदिर भी और ढलान भी है जिसके कारण लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतें होती हैं और अक्षर बाइक ब साइकिल फिसल जाती है ब छात्रो को भी निकले में दिक्कत होती है कूड़ा के ढेड़के कारण जनता को चोट लग जाती है मंदिर को जाने के लिए लोगों को भी दिक्कतें होती है

## बीजेपी सांसद मुकेश राजपूत ने फर्रुखाबाद का नाम बदलकर पांचालनगर करने की बात



हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद-फर्रुखाबाद का नाम सांसद ने अपनी मांग के धार्मिक आधार पर होने से इनकार किया और कहा कि यह सिर्फ एतिहासिक तथ?यों पर आधारित है नई दिल्ली उत्तर प्रदेश में योगी की कियादत में नई हुकूमत के कायम होते ही फिर नाम पर सियासत शुरू हो गई है अब यूपी के फर्रुखाबाद का नाम बदलने की मांग की जा रही है. फर्रुखाबाद से बीजेपी सांसद मुकेश राजपूत मुकेश राजपूत ने फर्रुखाबाद का नाम बदलकर पांचालनगर करने की मांग की है उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेटर लिखा है

# पुलिस मुटभेड़ में दो बदमाश हुए घायल

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद-मोहल्ला शमशेर खानी मदरसा अरबिया नूर आलम में बच्चों की गई हौसला अफजाई जिस में मौजूद रहे मौलाना जैनुल आबदीन साहब मौलाना अब्दुल मुन्ना मौलाना मौलाना अब्दुल समद हाफिज अब्दुल बासित हाफिज जवान हाफिज इमरान और तमाम उलमा एक रामू ने इन बच्चों को हौसला अफजाई की जिनकी गुलपोशी और क़ुरआने करीम दे कर उनके हौसले को बढ़ाया बच्चों के नाम अरबिया सानिया मंतशा अक्षा बिलाल अदीब अयान उद्दीन साहिल अजीम फैजान नाजिश अल्ताफ प्रोग्राम में मौजूद रहे इरशाद रहमानी वसीम खान नसीम खान फिरोज खान रईस खान शादाब एक इंतजार में और तमामई हजरत मदरसा संचालक शाहिद रजा